## भाग अ
## मानसिक योग्यता

**1. विषम को चुनिये-**
(A) ट्राइसाइकिल (B) ट्राइकलर
(C) ट्राइफ्ल (D) ट्राइडेंट **[c]**

**2. एक लड़के की ओर इशारा करते हुए निर्मला ने कहा, "वह मेरे दादा के इकलौते पुत्र का पुत्र है"। लड़के का निर्मला से क्या सम्बन्ध है?**
(A) चाचा (B) भाई
(C) चचेरा भाई (D) विवरण पर्याप्त नहीं है **[B]**

**3. रविशंकर : सितार :: बिस्मिल्लाह खान : ?**
(A) सरोद (B) सन्तूर
(C) शहनाई (D) बाँसुरी **[C]**

**4. दिये गये चित्र में खाली स्थान पर कौनसा अंक होगा?**





(A) 15 (B) 13
(C) 12 (D) 10 **[B]**

**5. यदि कृष्णा अपना चार पहिया वाहन 150 कि.मी./ घंटे की गति से चलाते हैं, तो उन्हें 900 कि.मी. की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?**
(A) 7 घंटे (B) 6 घंटे
(C) 5 घंटे (D) 4 घंटे **[B]**





**6. निम्नलिखित में से कौनसी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आयेगी?**
**325, 271, 226, 2, 163, 145, 136**
(A) 196 (B) 190
(C) 180 (D) 186 **[B]**

**7. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए कप : तश्तरी :: चाकू : ............**
(A) रसोईघर (B) काँटा
(C) सब्जी (D) थाली **[B]**

**8. आकृति a तथा 6 के मध्य एक निश्चित सम्बन्ध है। आकृति c तथा d के मध्य समान सम्बन्ध उत्तर समुच्चय से एक उपयुक्त आकृति का चयन करते हुए स्थापित कीजिए जो आकृति व के प्रश्नवाचक चिन्ह को प्रतिस्थापित कर सके-**
**समस्या आकृति**




**उत्तर आकृति**

(A)  (B) 
(C)  (D)  **[D]**

**9. लड़की : सुन्दर :: सोना : ?**
(A) बहुमूल्य (B) चमकीला
(C) आभूषण (D) अंगूठी **[B]**

**10. 'X' ने सीधा दक्षिण की ओर चलना प्रारम्भ किया, वह 5 पाँच मीटर का फासला चलकर बायीं ओर मुड़ा और 3 मीटर चला। उसके बाद वह दाहिनी ओर मुड़ा और 5 मीटर फिर चला और अब 'X' किस दिशा की ओर मुंह किये खड़ा है?**
(A) उत्तर पूर्व (B) दक्षिण
(C) उत्तर (D) दक्षिण पश्चिम **[B]**

**11. 1200 मीटर की दौड़ में राम, श्याम को 200 मीटर या 20 सैकेण्ड से हरा सकता है। राम की गति. क्या होनी चाहिये?**
(A) 10 मीटर/सैकेण्ड (B) 16 मीटर / सैकेण्ड
(C) 14 मीटर / सैकेण्ड (D) 12 मीटर / सैकेण्ड **[D]**

**12. एक विषम को चुनिये-**
(A) पेन (B) पेन्सिल
(C) पुस्तक (D) कागज **[C]**

**13. एक निश्चित कोड में, 'BASKET' को '5$3% #1' और 'TRIED' को '14* #2' लिखा जाता है, तो 'SKIRT' को उसी कोड में क्या लिखा जाएगा?**
(A) 3%*41 (B) 3*%41
(C) 3%#41 (D) 3#4%1 **[A]**

**14. एक पिता उसके पुत्र से कहता है, "जब तुम पैदा हुए थे मैं तुम्हारी वर्तमान आयु का था। अगर पिता अब 36 के हैं, तो लड़के की पाँच वर्ष पूर्व आयु कितनी थी?**
(A) 13 (B) 15
(C) 18 (D) 20 **[A]**


**15. किसी व्यक्ति के पास कुछ गाय एवं मुर्गियाँ हैं। इनके सिरों की संख्या 48 तथा पैरों की संख्या 140 है, तो मुर्गियों की संख्या है-**
(A) 32 (B) 23
(C) 26 (D) 25 **[C]**

**16. छः दोस्त, मानस, नरेश, ओम, पुरू, कुरैशी और रिज़वान दो पंक्तियों में बैठे हैं, प्रत्येक पंक्ति में तीन-तीन। कुरैशी किसी भी पंक्ति के अंत में नहीं है। पुरू, रिज़वान के बायीं ओर दूसरे स्थान पर है। ओम, कुरैशी का पड़ोसी है और पुरू के तिरछे विपरीत बैठा है। नरेश, रिज़वान का पड़ोसी है। उपरोक्त जानकारी के आधार पर पहचानें कि 'नरेश के सम्मुख कौन है?**
(A) कुरैशी (B) पुरु
(C) मानस (D) रिज़वान **[A]**

**17. शब्द संयोजन के निम्न दिये चार विकल्पों में से कोई तीन एक समान पैटर्न को निरूपित करते हैं तथा चौथा अलग तरह का है। कौनसा शब्द संयोजन अलग पैटर्न को निरूपित करता है?**
(A) BQJL (B) JYSU
(C) GVOQ (D) ETMO **[B]**


**18. नीचे दिये गये शब्दों को सार्थक क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
(1) प्रस्तुतिकरण (2) सिफारिश
(3) आगमन (4) चर्चा
(5) परिचय
(A) 5, 3, 4, 1, 2 (B) 3, 5, 4, 2, 1
(C) 3, 5, 1, 4, 2 (D) 5, 3, 1, 2, 4 **[B]**

**19.** **विलुप्त को ज्ञात कीजिए-**




(A) 120 (B) 49
(C) 25 (D) 7 **[B]**

**20.** **ऐसे कितने खिलाड़ी हैं, जो न तो अध्यापक हैं और न ही गायक हैं?**





(A) 17 (B) 12
(C) 4 (D) 5 **[B]**

**21.** **संख्या श्रृंखला -**
**3, 4, 9, 16, 81, ?**
(A) 216 (B) 225
(C) 256 (D) 343 **[C]**

**22.** **अक्षरों के समूह का चयन कीजिए जो अन्य से भिन्न है-**
(A) XZCG (B) OQTX
(C) IMNQ (D) EGJN **[C]**


**23.** **कथन : क्या भारत को विकास के लिए अनेक योजनाओं की आवश्यकता है?**
**तर्क : I- हाँ, उचित योजना के बिना कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता है।**
**II - नहीं, योजनाओं पर बहुत ज्यादा समय, धन तथा ऊर्जा व्यर्थ होती है।**
(A) केवल तर्क I मजबूत है (B) केवल तर्क II मजबूत है
(C) न तो I और ना ही II मजबूत है
(D) दोनों I तथा II मजबूत हैं **[A]**


**24.** **कौनसी संख्या सभी ज्यामितीय आकृतियों में है?**








(A) 3 (B) 4
(C) 6 (D) 7 **[C]**

**25.** **दो प्रश्न आकृतियाँ हैं जिनमें समान विशेषताएं हैं। उस उत्तर आकृति का चयन करें जो समान समानता दर्शाती हो –**



(A)  (B) 
(C)  (D)  **[B]**

**26.** **उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए संयोजन की दर्पण छवि से सबसे अधिक मिलता जुलता हो।**
**WRd67S**
(A)  (B) 
(C)  (D)  **[D]**

**27.** **प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उपयुक्त अंक ज्ञात कीजिए -**
**56: 72 :: 156 : ?**
(A) 182 (B) 123
(C) 196 (D) 162 **[A]**





**28.** **'Archaeology' संबंधित है 'इतिहास' से, उसी प्रकार 'Psephology' संबंधित है-**
(A) राजनीति से
(B) दर्शन से
(C) भूगोल से
(D) मनोविज्ञान से **[A]**

**29.** **विषम अंक जोड़ी को चुनें-**
(A) 6-15 (B) 21-43
(C) 25-51 (D) 29-59 **[A]**

**30.** **यदि 'MEAT' को 'TEAM' के रूप में लिखा जाता है, तो 'BALE' को कैसे लिखा जायेगा?**
(A) ELAB (B) EABL
(C) EBLA (D) EALB **[A]**

**31.** **अनुक्रम पूरा करें-**
**सिल्क : सेरीकल्चर : : शहद : ?**
(A) हॉर्टिकल्चर (B) एपीकल्चर
(C) विटीकल्चर (D) सिट्रीकल्चर **[B]**

**32.** **राहुल ने आनन्द को कहा, "कल मैंने मेरी दादी की पुत्री के इकलौते भाई को हराया"। राहुल ने किसको हराया?**
(A) पुत्र (B) पिता
(C) भाई (D) ससुर **[B]**

**33.** **निम्न में से कौनसा वेन आरेख, मोटे पुरुष, नीली आँखों वाले व्यक्ति और भारतीय में सही सम्बन्ध दर्शाता है?**
(A)  (B) 
(C)  (D)  **[D]**

**34.** **निम्नलिखित में से कौनसा अन्य से भिन्न है?**
(A) आइज़ोल (B) दिसपुर
(C) मणिपुर (D) शिलांग **[C]**

**35.** **P, Q, R तथा S एक कैरम का खेल, खेल रहे हैं। P तथा R साथी हैं। S तथा Q साथी हैं। S, R के दाहिने ओर बैठा है, जिसका मुंह पश्चिम की ओर है, तो Q के मुंह की दिशा होगी-**
(A) दक्षिण
(B) उत्तर
(C) पूर्व
(D) पश्चिम **[A]**

**36.** **यदि 'A' का मतलब '+' है, 'B' का मतलब '-' है, 'C' का मतलब 'x' और 'D' का मतलब '÷' है, तब**
**18 C 14 A 6 B 16 D 4 = ?**
(A) 254
(B) 238
(C) 188
(D) 258 **[A]**

**37.** **रामा 10 कि.मी. उत्तर की ओर जाता है फिर बायें घूमता है और 4 कि.मी. जाता है फिर दायें घूमता है और 5 कि.मी. जाता है फिर वह दायीं ओर घूमकर 4 कि.मी. जाता है, वह अपनी यात्रा शुरू करने के स्थान से कितनी दूर है?**
(A) 5 कि.मी. (B) 4 कि.मी.
(C) 15 कि.मी. (D) 10 कि.मी. **[C]**

**38.** **जिस प्रकार 'KORT' सम्बन्धित है 'PJWO' से, ठीक उसी प्रकार 'FINR' किससे सम्बन्धित है?**
(A) KCSM (B) JSMR
(C) JCRN (D) KDSM **[D]**

**39.** **छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक वृत्त में खड़े हैं। B, D एवं C के मध्य में है। A, E एवं C के मध्य में है। F, D दाहिने तरफ हैं। A एवं F के मध्य कौन है?**
(A) E (B) C
(C) D (D) B **[A]**

**40.** **पंजा : बिल्ली : : खुर : ?**
(A) भेड़ (B) घोड़ा
(C) हाथी (D) चीता **[B]**


**41.** **एक महिला एक व्यक्ति को उसकी माँ के भाई के पुत्र के रूप में परिचय करवाती है। वह व्यक्ति महिला से कैसे सम्बन्धित है?**
(A) चाचा (B) पुत्र
(C) भतीजा (D) चचेरा भाई **[D]**


**42.** **रोहन पश्चिम की ओर जा रहा था, फिर वह बायीं ओर मुड़ा, फिर घड़ी की सुई की दिशा में नब्बे डिग्री घूम गया। अब वह किस दिशा में जा रहा था?**
(A) पश्चिम (B) उत्तर
(C) पूर्व (D) दक्षिण **[A]**



**43.** **प्रकाश, संतोष से छोटा है तथा रमेश, टीकम से बड़ा है। रमेश, संतोष से छोटा है। निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सही है / हैं?**
(I) रमेश, प्रकाश से बड़ा है। (II) संतोष, रमेश से बड़ा है।
(III) टीकम सबसे छोटा है।
(A) केवल (III) (B) केवल (II)
(C) केवल (1) तथा (II) (D) सभी (I), (II) तथा (III) **[B]**

**44.** **एक बस स्टैण्ड से जयपुर के लिये प्रत्येक तीस मिनट में एक बस जाती है। एक पूछताछ लिपिक (clerk) ने एक यात्री को बताया कि दस मिनट पूर्व ही बस जा चुकी है तथा अगली बस 9:35 am पर जायेगी। पूछताछ लिपिक ने यात्री को यह सूचना कितने बजे दी थी?**
(A) 9:05 am
(B) 9:10 am
(C) 9:15 am
(D) 8:55 am **[C]**

**45.** **वह सही विकल्प ज्ञात कीजिए जो प्रश्न आकृति को अपने में समाहित कर रहा है-**



(A)  (B) 

(C)  (D)  **[B]**

**46.** **दिया गया है, कि -**
**K, L का भाई है।**
**O, K का पिता है।**
**M, N का भाई है।**
**N, L की पुत्री है।**
**तो, M का चाचा कौन है?**
(A) K (B) L
(C) O (D) N **[A]**

**47.** **A ने B से कहा, आप मेरे पति की पुत्रवधू के बेटे हैं। B और A के बीच क्या रिश्ता है?**
(A) B, A का पिता है (B) B, A का पोता/नाती है
(C) B, A का बेटा है (D) B, A का भाई है **[B]**

**48.** **कोडिंग और डिकोडिंग**
**CHAIR: EJCKT:: TABLE:?**
(A) VCNDG (B) DGWCV
(C) VCDNG (D) VGCND **[C]**

**49.** **नीचे दिये गये युग्मों के समूह में से बेजोड़ युग्म को चुनिए-**
(A) ऑस्ट्रेलिया: कंगारू (B) भारत : मोर
(C) बांग्लादेश : चीता (D) फिनलैंड: ब्राउन बियर **[C]**

**50.** **एक स्त्री 4000₹ में एक घड़ी खरीदती है और इसे 13% की हानि पर बेच देती है। घड़ी का विक्रय मूल्य क्या है?**
(A) 3500 (B) 3480
(C) 3840 (D) 3620 **[B]**

## भाग-ब
## राजस्थान की सामान्य जानकारी

**51.** **निम्न में से कौनसा एक धात्विक खनिज है?**
(A) जिप्सम (B) अभ्रक
(C) लाइमस्टोन (D) मैंगनीज़ **[D]**

**52.** **जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के किस जिले में जनसंख्या घनत्व न्यूनतम है?**
(A) झुंझुनू (B) कोटा
(C) बीकानेर (D) जैसलमेर **[D]**

**53.** **लूनी नदी का उद्गम स्थल है-**
(A) कमलनाथ की पहाड़ियाँ (B) अलवर की पहाड़ियाँ
(C) नाग पहाड़ (D) खमनोर की पहाड़ियाँ **[C]**

**54. 1857 की क्रान्ति के दौरान बिथौड़ा का युद्ध कब हुआ था?**
(A) 8 सितम्बर 1857 (B) 18 सितम्बर 1857
(C) 20 सितम्बर 1857 (D) 31 मई 1858 **[A]**

**55. निम्न में से कौनसा राज्य मानवाधिकार आयोग का कार्य नहीं है?**
(A) किसी भी कारागार का दौरा
(B) मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में स्वयं पड़ताल
(C) मानवाधिकारों के उल्लंघन पर दंडित करना
(D) मानवाधिकारों के संरक्षण की समीक्षा करना **[C]**

**56. 'मोलेला' का संबंध किस कला से है?**
(A) चित्रकला (B) मूर्तिकला
(C) शिल्प कला (D) संगीत कला **[B]**

**57. राजस्थान विधानसभा के कितनी बार मध्यावधि चुनाव हुए हैं?**
(A) दो बार (B) तीन बार
(C) चार बार (D) पाँच बार **[A]**

**58. गवरी एक लोकनाट्य है, जो किसकी कहानी पर आधारित है?**
(A) हीर-रांझा (B) कृष्ण-कंस
(C) लैला-मजनू (D) शिव-भस्मासुर **[D]**

**59. राजस्थान के प्रथम राज्य निर्वाचन आयुक्त कौन थे?**
(A) अमरसिंह राठौड़ (B) नवनीत रॉय
(C) कृष्ण कुमार गोयल (D) इन्द्रजीत खन्ना **[A]**

**60. निम्न में से कौनसा युग्म गलत है?**
(A) सीताबाड़ी मेला - बारां जिला
(B) केला देवी मेला - करौली जिला
(C) भर्तृहरी मेला - अलवर जिला
(D) कपिल मुनि मेला - झालावाड़ **[D]**

**61. गुरु गोविंद गिरी के सम्बन्ध में असत्य कथन है -**
(A) उनका जन्म डूंगरपुर जिले के बेड़सा गाँव में हुआ।
(B) उन्होंने भीलों के उत्थान हेतु समाज सुधार कार्य किया।
(C) वह कोटा-बूँदी अखाड़े में साधु राजगिरी के शिष्य थे।
(D) उन्होंने 1911 में सिरोही को अपना कार्यक्षेत्र बनाया। **[D]**

**62. खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए निम्न में से किस कार्यक्रम की शुरुआत की गई?**
(A) प्रोजेक्ट ग्रीन (B) प्रोजेक्ट ट्री
(C) प्रोजेक्ट रेन (D) प्रोजेक्ट वोल्ड **[D]**

**63. "भारतीय लोक कला मंडल" निम्न में से किस शहर में स्थित है?**
(A) उदयपुर (B) धौलपुर
(C) बूंदी (D) जयपुर **[A]**

**64. राजपूताना में समाज सुधार के उद्देश्य से 'देश हितैषिणी सभा' की स्थापना कहाँ की गई थी?**
(A) जयपुर (B) अजमेर
(C) जोधपुर (D) उदयपुर **[D]**

**65. कान्हड़देव (1305-1311ई.) किस वंश का शासक था?**
(A) चौहान (B) सिसोदिया
(C) राठौड़ (D) गुहिल **[A]**

**66. संत दादू का जन्म कहां हुआ था?**
(A) सांगानेर (B) लाहौर
(C) अहमदाबाद (D) गांधीनगर **[C]**

**67. राजस्थान में 'मावठ' का सम्बन्ध है -**
(A) दक्षिण पश्चिम मानसून से (B) प्रत्यावर्ती मानसून से
(C) उत्तर पूर्व मानसून से (D) पश्चिमी विक्षोभों से **[D]**

**68. निम्नलिखित में से कौनसा आभूषण सिर का नहीं है?**
(A) बोरला (B) टिकड़ा
(C) रखड़ी (D) गोखरू **[D]**

**69. भीलवाड़ा के श्रीलाल जोशी किस लोककला से सम्बंधित हैं?**
(A) सांझी (B) मांडणा
(C) फड़ (D) कठपुतली **[C]**

**70. राजमहल स्थित त्रिवेणी संगम में निम्नांकित नदी शामिल नहीं है-**
(A) बनास (B) बेड़च
(C) खारी (D) डाई **[B]**

**71. अंग्रेज़ों से संधि करने वाली राजपूताना की आखिरी रियासत थी-**
(A) टोंक (B) सिरोही
(C) उदयपुर (D) जोधपुर **[B]**

**72. राजपूताना की एकमात्र रियासत जहाँ उत्तराधिकारी शुल्क नहीं लगता था, वह है -**
(A) मारवाड़ (B) जैसलमेर
(C) मेवाड़ (D) कोटा **[B]**

**73. पटेल्या, बिछियो और लालर क्या हैं?**
(A) लोक नृत्य (B) लोक नाटक
(C) संगीत वाद्ययंत्र (D) लोक गीत **[D]**

**74. राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद कब स्थापित हुई?**
(A) 2024 (B) 2002
(C) 2000 (D) 2010 **[D]**

**75. बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थापित किया गया था?**
(A) जोधपुर (B) कोटा
(C) बांसवाड़ा (D) जयपुर **[D]**

**76. राजस्थान में ग्राम सभा का गठन किया जाता है -**
(A) पंचायत क्षेत्र के गाँव के लोगों से
(B) ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्यों से
(C) ग्राम पंचायत की कार्यकारी समिति से
(D) पंचायत क्षेत्र के गाँवों में आने वाले पंजीकृत मतदाताओं से **[D]**

**77. भानगढ़ के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए व सही विकल्प चुनें-**
**(1) भानगढ़ सरिस्का वन्यजीव अभ्यारण्य से 50 कि.मी. दूर स्थित है।**
**(2) इसका निर्माण माधव सिंह ने करवाया था।**
(A) केवल (1) सत्य है (B) केवल (2) सत्य है
(C) (1) व (2) दोनों सत्य हैं (D) (1) व (2) दोनों असत्य हैं **[C]**

**78. नक्की झील के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए व सही विकल्प चुनें-**
**(1) यह एक मानव-निर्मित झील है।**
**(2) महात्मा गांधी की अस्थियों का कुछ हिस्सा इस झील में विसर्जित किया गया था।**
(A) केवल (1) सत्य है (B) केवल (2) सत्य है
(C) (1) व (2) दोनों सत्य हैं (D) (1) व (2) दोनों असत्य हैं **[*]**

**79. 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए व सही विकल्प चुनिए -**
**(1) यह योजना अगस्त, 2024 से लागू की जा रही है।**

**(2) यह योजना बालिकाओं के जन्म को बढ़ावा देती है।**
(A) केवल (1) सत्य है (B) केवल (2) सत्य है
(C) (1) व (2) दोनों सत्य हैं (D) (1) व (2) दोनों असत्य हैं **[C]**

**80. किस किसान आंदोलन के दौरान जागीरदार व किसानों के मध्य हुए समझौते को 'बोल्शेविक समझौता' कहा जाता है?**
(A) बिजौलिया आंदोलन (B) बेगूं आंदोलन
(C) दूधवा खारा आंदोलन (D) अलवर आंदोलन **[B]**

**81. गलियाकोट में किस संत की मज़ार है?**
(A) संत फखरुद्दीन (B) ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती
(C) बुरहान चिश्ती (D) हमीदुद्दीन नागौरी **[A]**

**82. कीर्ति स्तम्भ, चित्तौड़गढ़ का निर्माण किसके द्वारा किया गया था?**
(A) जैन तीर्थकर (B) जैन मुनि
(C) जैन व्यापारी (D) जैन राजा **[C]**

**83. राजस्थान का राज्य खेल है -**
(A) बास्केटबॉल (B) कबड्डी
(C) खो-खो (D) घुड़सवारी **[A]**

**84. निम्नलिखित में से किसने 'मेव कृषक आंदोलन' का नेतृत्व किया था?**
(A) बख्तावर खाँ (B) मुबारक खाँ
(C) यासीन खाँ (D) अब्दुल्ला खाँ **[C]**

**85. राजस्थानी भाषा में काव्य रूप में उपलब्ध संतों का जीवन चरित्र क्या कहलाता है?**
(A) मर्सिया (B) रूपक
(C) पर्ची (D) ख्यात **[C]**

**86. लच्छीराम किस लोकनाट्य से सम्बन्धित हैं?**
(A) हेला ख्याल (B) जयपुरी ख्याल
(C) शेखावाटी ख्याल (D) कुचामनी ख्याल **[D]**

**87. 'कलाबूत' का संबंध है -**
(A) खाद्यान्न संग्रहण के मृणपात्र
(B) लकड़ी की कारीगरी
(C) गहनों को पिरोने वाला तार
(D) पत्थर की जड़ाई **[C]**

**88. गोडलिया है -**
(A) पशुओं के शरीर पर दाग के निशान
(B) एक लोक नृत्य
(C) एक लोक नाट्य (D) एक वाद्ययंत्र **[A]**

**89. गणगौर का त्यौहार निम्न में से किससे सम्बद्ध है?**
(A) विष्णु-लक्ष्मी (B) राम-सीता
(C) शिव-पार्वती (D) कृष्ण-राधा **[C]**

**90. राजस्थान सरकार की आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, वर्ष 2024 में निम्नलिखित में से किस जिले में सबसे अधिक घरेलू पर्यटक आए?**
(A) जयपुर (B) उदयपुर
(C) सीकर (D) अजमेर **[A]**

**91. निम्नलिखित में से किसक़ी नियुक्ति राज्यपाल द्वारा नहीं की जाती है?**
(A) राज्य का महाधिवक्ता
(B) राज्य का लोकायुक्त
(C) राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष
(D) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश **[D]**

**92. 'तालाब-ए-शाही' झील निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?**
(A) धौलपुर
(B) बून्दी
(C) भरतपुर
(D) डूंगरपुर **[A]**

**93. गोड़वाड़ सर्किट में शामिल क्षेत्र हैं-**
(A) उदयपुर-कुम्भलगढ़-नाथद्वारा चित्तौड़गढ़
(B) माउण्ट आबू-रणकपुर-जालौर
(C) अजमेर-पुष्कर-नागौर
(D) रणथम्भौर-टोंक-देवली **[B]**

**94. राजस्थान सरकार द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा कब दिया गया?**
(A) मार्च 1985 (B) मार्च 1989
(C) मार्च 1990 (D) मार्च 1995 **[B]**

**95. होली का त्यौहार किस दिन मनाया जाता है?**
(A) माघ माह की एकादशी (B) चैत्र माह की अमावस्या
(C) फाल्गुन माह की पूर्णिमा (D) आषाढ़ माह की चतुर्थी **[C]**

**96. शाही ट्रेन "हेरिटेज ऑन व्हील्स" की शुरुआत कब की गई थी?**
(A) फरवरी 1995 (B) फरवरी 1999
(C) फरवरी 2006 (D) फरवरी 2008 **[C]**

**97. 'गींदड़' नृत्य राजस्थान के किस क्षेत्र का प्रसिद्ध लोक नृत्य है?**
(A) मारवाड़ (B) मेवाड़
(C) शेखावाटी (D) हाड़ौती **[C]**

**98. हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना (हृदय), 2015 में राजस्थान के किस शहर को शामिल किया गया था?**
(A) अजमेर (B) उदयपुर
(C) भानगढ़ (D) कोटा **[A]**

**99. निम्न में से किस किले को 'सुदर्शनगढ़' भी कहा जाता है?**
(A) चूरू का किला (B) तारागढ़ का किला
(C) मेहरानगढ़ का किला (D) नाहरगढ़ का किला **[D]**

**100. मार्च, 2023 में राजस्थान के कितने रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना में विकसित करने हेतु चिह्नित किया गया है?**
(A) 49 (B) 61
(C) 73 (D) 82 **[D]**

## भाग-स
## शिक्षण अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति

**101. शिक्षक को प्रभावी संप्रेषण के लिए सबसे पहले करना चाहिए -**
(A) विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान और रुचियों को समझना।
(B) विषयवस्तु की तैयारी।
(C) विद्यार्थियों से प्रश्न पूछना।
(D) कक्षा में अनुशासन बनाए रखना। **[A]**

**102. सीखने के लिए समूह बनाते समय अध्यापक को चाहिए कि वह-**
(A) बुद्धिमान विद्यार्थियों को एक ही समूह में रखें।
(B) बुद्धिमान, औसत तथा कमजोर स्तर के विद्यार्थियों का मिश्रित समूह बनायें।
(C) समूह बहुत बड़ा नहीं बनायें।
(D) समान योग्यता के विद्यार्थियों को एक समूह में रखें। **[B]**

**103. विद्यालय में सभी अध्यापकों के लिए सेवारत प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया गया है। शिक्षक के रूप में आप -**
(A) कभी कभार प्रशिक्षण में चले जाएंगे।
(B) विद्यालय समय में प्रशिक्षण आयोजित करने का अनुरोध करेंगे।
(C) सेवारत प्रशिक्षण में गये बिना प्रमाण पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।
(D) गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। **[D]**

**104. गणित की समस्याओं को हल करके किस बुद्धि को मापा जाता है?**
(A) स्थानिक बुद्धि (B) तार्किक बुद्धि
(C) मौखिक बुद्धि (D) गतिज बुद्धि **[B]**

**105. निम्नलिखित प्रश्नों में से किससे अपसारी चिंतन उत्पन्न करने की अधिक संभावना है?**
(A) कपड़ों का हैंगर क्या है?
(B) कपड़ों के हैंगर के आप कितने उपयोग सोच सकते हैं?
(C) आप कपड़ों के हैंगर को कैसे बोलते हैं?
(D) कपड़ों का हैंगर आमतौर पर कैसा दिखता है? **[B]**

**106. प्रभावी कक्षा संप्रेषण में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका किसकी होती है?**
(A) शिक्षक की (B) विद्यार्थी की
(C) शिक्षक और विद्यार्थी दोनों की
(D) कक्षा-कक्ष की सजावट की **[A]**

**107. स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार द्वारा स्थापित प्रथम शिक्षा आयोग के अध्यक्ष कौन थे?**
(A) डॉ. एस. राधाकृष्णन (B) डॉ. ज़ाकिर हुसैन
(C) डॉ. डी.एस. कोठारी (D) डॉ. एल. मुदालियर **[A]**

**108. सीखने में पुरस्कार सकारात्मक अभिप्रेरक है। फिर भी पुरस्कार देते समय ध्यान रखना चाहिए कि -**
(A) साधारण कार्य पर भी पुरस्कार दें।
(B) पुरस्कार निष्पक्ष ढंग से योग्य छात्र को मिले।
(C) शैक्षिक परिस्थितियों में सामूहिक पुरस्कार देना उचित होता है।
(D) पुरस्कार तुरंत नहीं देना चाहिए। **[C]**

**109. कक्षा समाप्त होने पर आपको महसूस होता है कि अध्यापन में आनन्द नहीं आया। आपकी प्रतिक्रिया होगी -**
(A) मान लेंगे कि विद्यार्थियों का मन पढ़ने का नहीं था।
(B) शिक्षण विधि पर मंथन करके कारण जानेंगे।
(C) अगली बार दूसरी विधि से पढ़ाने का प्रयास करेंगे।
(D) टॉपिक ही नीरस था, कुछ नहीं कर सकते। **[B]**

**110. कक्षा-कक्ष में एक अध्यापक की मुख्य भूमिका होती है -**
(A) सक्रिय अधिगमकर्त्ता (B) सुविधा प्रदाता
(C) परामर्शदाता (D) सूचना प्रदाता **[B]**

**111. सफल नेतृत्व के लिए सर्वाधिक आवश्यक गुण है -**
(A) वाक-पटुता (B) उत्तरदायित्व बोध
(C) संवेदनशीलता (D) पक्षपात रहितता **[B]**

**112. सामाजिक न्याय की भावना विकसित करने का कौनसा सबसे प्रभावी तरीका होगा?**
(A) विभिन्न धर्म, लिंग, आर्थिक स्तर इत्यादि के विद्यार्थियों से संपर्क करने के अवसर प्रदान करना।
(B) सामाजिक न्याय पर व्याख्यान देना।
(C) सामाजिक न्याय पर निबंध लिखने के लिए देना।
(D) विद्यालय में सामाजिक न्याय एक बेकार मुद्दा है। **[A]**

**113. विद्यालय अनुशासन का मुख्य लक्ष्य क्या है?**
(A) शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
(B) विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
(C) दोषियों का पता लगाना।
(D) हितकारी वातावरण उपलब्ध कराना। **[D]**

**114. कक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?**
(A) शिक्षण और अधिगम के अनुभवों को बढ़ाना
(B) विद्यार्थियों के बीच जागरूकता फैलाना
(C) छात्र सहभागिता को प्रोत्साहित करना
(D) पाठ्यक्रम को तय समय में पूर्ण करना **[A]**

**115. सतत् मूल्यांकन के बारे में क्या सही नहीं है?**
(A) इसे औपचारिक रूप से क्रियान्वित किया जाता है।
(B) यह अध्यापक के दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है।
(C) इसके लिए मूल्यांकन की कई तकनीकों का उपयोग किया जाता है।
(D) इसका मुख्य उद्देश्य अधिगम में सुधार है। **[A]**

**116. मन्दबुद्धि बालकों हेतु शिक्षा का निम्नलिखित में से कौनसा उद्देश्य गलत होगा?**
(A) मन्दबुद्धि बालकों में आत्मविश्वास की भावना का विकास करना।
(B) मन्दबुद्धि बालकों की जन्मजात क्षमताओं का विकास करना।
(C) मन्दबुद्धि बालकों का सामान्य बालकों के स्तर तक विकास करना।
(D) मन्दबुद्धि बालकों में उत्तम आदतों का निर्माण करना। **[C]**

**117. विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यन्त आवश्यक है -**
(A) अनुदेशन (B) प्रशिक्षण
(C) शिक्षण (D) मार्गदर्शन **[B]**

**118. कक्षा में एक नया छात्र, शिक्षक से अपना परिचय देने के लिए कहता है। ऐसी स्थिति में शिक्षक को चाहिए -**
(A) संक्षेप में अपना परिचय दे और विद्यार्थी से स्वयं का परिचय भी देने को कहे।
(B) संक्षेप में अपना परिचय दे और पढ़ाना शुरू करे।
(C) विस्तार से अपना परिचय दे और पढ़ाना शुरू करे।
(D) उसकी मांग पर ध्यान न दे और पढ़ाना शुरू करे। **[A]**

**119. 'किंडरगार्टन' पद का अर्थ हैं -**
(A) बच्चों का बगीचा (B) बच्चों का घर
(C) बच्चों का स्कूल (D) बच्चों के खेल का मैदान **[A]**

**120. स्वर विज्ञान का क्या अर्थ है?**
(A) शब्दावली (B) संदर्भ - आश्रित नियम
(C) व्याकरण (D) ध्वनि - प्रणाली **[D]**

**121. छात्रों को गृहकार्य दिया जाता है। क्यों?**
(A) छात्रों ने पाठ को कितना समझा है, ये जानने के लिए।
(B) छात्र घर पर अध्ययन कर सकें।
(C) छात्रों के विकास के लिए।
(D) लेखन - कौशल के विकास के लिए। **[B]**

**122. निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है?**
(A) कड़ी सज़ा के कारण बच्चा सज़ा देने वाले से घृणा कर सकता है।
(B) कड़ी सज़ा झूठ को प्रोत्साहित कर सकती है।
(C) कड़ी सज़ा डर तथा दुश्चिंता उत्पन्न करती है, जो सीखने को बढ़ावा देती है।
(D) पिटाई आक्रामकता के लिए सफल मॉडल प्रदान करती है। **[C]**

**123. स्कूल व्यवस्था की मुख्य जिम्मेदारी किसके ऊपर है?**
(A) शिक्षक पर (B) प्रधानाचार्य पर
(C) प्रबंधक पर (D) विद्यार्थियों पर **[B]**

**124. "ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड" से संबंधित है -**
(A) ग्रामीण विद्यालयों में ब्लैकबोर्ड उपलब्ध कराना।
(B) सार्वभौमिक पंजीकरण कराने से।
(C) बीच में ही विद्यालय छोड़ने से रोकना।
(D) सभी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने से। **[D]**

**125. विद्यालय में पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों की आवश्यकता है -**
(A) विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए।
(B) व्यक्तित्व के 'सामंजस्यपूर्ण विकास के लिए।
(C) अन्तर्वैयक्तिक संबंधों के लिए।
(D) विद्यार्थियों को व्यस्त रखने के लिए। **[B]**

**126. विद्यालयों में प्रभावी संस्थागत वातावरण का महत्त्वपूर्ण सूचक है -**
(A) अच्छे मानवीय सम्बन्ध
(B) शिक्षण अधिगम लक्ष्यों की पहचान
(C) संस्था में भौतिक संसाधन
(D) संस्था के वित्तीय संसाधन **[A]**

**127. नेतृत्वकारी अध्यापक का प्रमुख कार्य -**
(A) कक्षा में अनुशासन रखना।
(B) पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करना।
(C) विद्यार्थियों को निर्देशित करना।
(D) विद्यार्थियों को स्वतंत्र रूप से सोचने और निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना। **[D]**

**128. शिक्षण युक्ति जिसमें अधिकतम मानसिक क्रियाएं सम्मिलित होती हैं-**
(A) व्याख्यान (B) प्रश्नोत्तर
(C) समूह चर्चा (D) वाचन **[C]**

**129. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की नई शैक्षणिक संरचना है -**
(A) 8 + 4 + 3 (B) 5 + 3 + 3 + 4
(C) 10 + 2 + 3 (D) 8 + 3 + 2 **[B]**

**130. बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने परिवेश के बारे में विभिन्न प्रश्न पूछते हैं। इससे पता चलता है कि वे हैं -**
(A) ताक झांक करने वाले (B) दखल देने वाले
(C) जिज्ञासु (D) चिंतित **[C]**

**131. शिक्षक के रूप में, यदि आपसे किसी गंभीर विषय पर भाषण देने हेतु कहा जाए, तो आप -**
(A) प्रधानाचार्य एवं / अथवा साथी शिक्षकों से सलाह करने के पश्चात् निर्णय लेंगे
(B) स्पष्ट मना कर देंगे
(C) सहर्ष तैयार हो जायेंगे
(D) कुछ देर का समय मांगेंगे **[C]**

**132. प्रभावी शिक्षण के लिए शिक्षक कक्षा में जाने से पूर्व करता है -**
(A) पाठ्यवस्तु विश्लेषण
(B) अधिगम उद्देश्य का प्रतिपादन
(C) सीखने के वातावरण की रचना
(D) निर्देश देना **[B]**

**133. विद्यार्थियों में पुस्तकें पढ़ने की आदत विकंसित करने के लिए चाहिए-**
(A) कक्षा में पाठ्यपुस्तक पढ़वाना
(B) बाल साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना
(C) समय विभाग चक्र में पुस्तकालय हेतु कालांश रखना
(D) गृहकार्य देना **[C]**

**134. 'आउट ऑफ द बॉक्स' सोचना है -**
(A) स्मृति आधारित चिंतन (B) केंद्रित चिंतन
(C) अपसारी चिंतन (D) अभिसारी चंतन **[C]**

**135. एक अच्छा अध्यापक वह है, जो -**
(A) विषय को प्रभावी ढंग से पढ़ाता हो।
(B) विद्यार्थियों को प्रेरित करता हो।
(C) विद्यार्थियों के साथ मित्रवत हो।
(D) कठोर अनुशासन चाहता हो। **[B]**

**136. एक विद्यार्थी एक प्रश्न का उत्तर अलग ढंग से देता है। अध्यापक को चाहिए कि -**
(A) उस पर ध्यान न दे।
(B) विद्यार्थी को चुप रहने के लिए कहे।
(C) विद्यार्थी को कक्षा से बाहर जाने के लिए कहे।
(D) विद्यार्थी से उसके उत्तर के पहलुओं को स्पष्ट करने के लिए कहे। **[D]**

**137. शिक्षक-शिष्य के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा उपयुक्त है?**
(A) औपचारिक
(B) केवल कक्षा तक सीमित
(C) सौहार्दपूर्ण और सम्मानजनक
(D) उदासीन **[C]**

**138. एक शिक्षक को प्रश्न पूछने में धाराप्रवाह कहा जाता है, यदि वह पूछ सकता है -**
(A) सार्थक प्रश्न
(B) जितने हो सके उतने प्रश्न
(C) एक निश्चित समय में अधिकतम प्रश्नों की संख्या
(D) एक निश्चित समय में कई सार्थक प्रश्न **[D]**

**139. आपको अतिरिक्त कक्षा का महत्त्वपूर्ण कार्य दिया जा रहा है, आप सोचेंगे कि -**
(A) यह बोझ है।
(B) किसी दूसरे साथी पर डालने का प्रयास करेंगे।
(C) स्पष्ट ना कह देंगे।
(D) चुनौती स्वीकार करेंगे। **[D]**

**140. प्रयास और त्रुटि का सिद्धांत किसके द्वारा प्रस्तावित किया गया?**
(A) थॉर्नडाइक (B) वायगोत्स्की
(C) स्किनर (D) पियाजे **[A]**

**141. छात्रों के बीच नैतिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा सकता है, जब शिक्षक -**
(A) अक्सर मूल्यों के बारे में बात करता है
(B) स्वयं उनका अभ्यास करता है
(C) महान व्यक्तियों की कहानियाँ सुनाता है
(D) देवी-देवताओं की बातें करता है **[A]**

**142. औपचारिक सामाजीकरण कहाँ होता है?**
(A) दोस्तों से (B) समाज से
(C) पड़ोस से (D) स्कूलों और महाविद्यालयों से **[D]**

**143. सहपाठी समूह अधिगम से होता है -**
(A) समय खराब
(B) आनन्ददायक अधिगम
(C) तर्कशक्ति का विकास
(D) सहयोग की भावना का विकास **[D]**

**144. निम्नलिखित में से कौनसा प्रश्न प्रकार व्यक्तिनिष्ठ होगा?**
(A) निबन्धात्मक प्रश्न (B) मिलान प्रश्न
(C) सही-गलत प्रश्न (D) बहुविकल्पी प्रश्न **[A]**

**145. संवैधानिक प्रावधानों के संबंध में, शिक्षा विषय है -**
(A) राज्य सूची का (B) समवर्ती सूची का
(C) संघ सूची का (D) केंद्रीय सूची का **[B]**

**146. निम्नलिखित में से कौन शिक्षार्थियों को अंतःक्रिया की अधिक स्वतंत्रता देता है?**
(A) फिल्मों का प्रयोग
(B) छोटी-समूह चर्चा
(C) पैनल चर्चा
(D) दूरदर्शन पर प्रसारित शैक्षिक कार्यक्रम **[B]**

**147. बौद्धिक विकास -**
(A) जन्म से पूर्व ही पूर्ण हो जाता है।
(B) सतत् प्रक्रिया है।
(C) पर्यावरण - निर्भर प्रक्रिया है।
(D) सामाजिक सम्पर्क पर निर्भर प्रक्रिया है। **[B]**

**148. एक अध्यापक कालांश के अंत में पाठ का सारांश प्रस्तुत करता है। यह सहायक है -**
(A) विद्यार्थियों को पाठ याद रखने में
(B) विद्यार्थियों को प्रसन्नतापूर्वक कक्षा छोड़ने में
(C) अध्यापक को कालांश के दौरान समय व्यतीत करने में
(D) अध्यापक को अनुशासन बनाए रखने में **[A]**

**149. यदि एक विद्यालय में, विद्यार्थी अपने जाति समूह के साथ रहते हैं तो अध्यापक को समूह क्रियाओं के आबंटन के लिए -**
(A) समान जाति के विद्यार्थियों के समूह बनाने चाहिए।
(B) विभिन्न जातियों के विद्यार्थियों के समूह बनाने चाहिए।
(C) विद्यार्थियों को उनके अपने समूह बनाने के लिए कहना चाहिए।
(D) अध्यापक को केवल व्यक्तिगत कार्य ही देने चाहिए। **[B]**

**150. शिक्षण की गुणवत्ता परिलक्षित होती है -**
(A) छात्रों के उत्तीर्ण प्रतिशत से
(B) कक्षा में छात्रों की उपस्थिति से
(C) छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों की गुणवत्ता से
(D) कक्षा में मौन रहने की अवधि से **[C]**

## Part-D
## LANGUAGE PROFICIENCY: ENGLISH

**Read the following passage and answer Question number: 151, 152 and 153.**

"To forgive an injury is often considered to be a sign of weakness; it is really a sign of strength. It is easy to allow oneself to be carried away by resentment and hate into an act of vengeance but it takes a strong character to restrain those natural passions. The man who forgives an injury proves himself to be superior to the man who wronged himself and puts the wrong-doer to shame."

**151. The phrase "carried away" means -**
(A) to win (B) to continue
(C) to be influenced by (D) to take away **[C]**

**152. To forgive an injury' is really a sign of -**
(A) weakness (B) strength
(C) helplessness (D) passivity **[B]**

**153. The expression 'passions' refers to -**
(A) the habit of forgiveness
(B) the feeling of bitterness
(C) hating someone
(D) feeling bitter and hating someone **[D]**

**154. Which option combines the following two sentences incorrectly?**
**He had no qualification. He got the job.**
(A) He had no qualification but he got the job.
(B) He had no qualification and he got the job.
(C) He had no qualification; however, he got the job.
(D) He had no qualification; nevertheless he got the job. **[B]**

**155. I ................ (read) the book a number of times.**
(A) reading (B) was read
(C) have read (D) "read **[C]**

**156. Which of the following options is an antonym for 'Abhor'?**
(A) Admire (B) Detest
(C) Hate (D) Loathe **[A]**

**157. Choose the correct sentence :-**
**He is going to Pune. He will start business there.**
(A) He is going to Pune and he will start business there.
(B) When he goes to Pune, there he will start business.
(C) Going to Pune, he will start there business.
(D) He is going to Pune to start business there. **[D]**

**158. Fill up the blank -**
**Plutarch's Lives ................ an interesting book.**
(A) was (B) are
(C) is (D) were **[C]**

**159. How often do you your hair?**
(A) wash (B) are washing
(C) has been washing (D) washed **[A]**

**160. Select one word for the following -**
**One who is engaged in charitable work.**
(A) Prophet (B) Philanthropist
(C) Propagator (D) Philosopher **[B]**

**161. Which of the following is a correct spelling?**
(A) Ocur (B) Permitted
(C) Benefitt (D) Controler **[B]**

**162. Which of the following word is wrongly spelled?**
(A) Accustom (B) Colloquial
(C) Irrelavant (D) Conscience **[C]**

**163. Which of the following sentence is not correct?**
(A) We had swum across the river before the sunset.
(B) The bus was hired by the ladies for its picnic.
(C) Our country needs a number of self-sacrificing and devoted political leaders.
(D) At last he was married to a poor girl. **[B]**

**164. Fill in the blanks with correct tense -**
**My friend .............. (hate) reading but ............ (love) to go to the movies.**
(A) hated, is loving (B) hating, loves
(C) hates, loves (D) is hate, love **[C]**

**165. Choose the correct answer -**
**She was too arrogant to apologize.**
(A) She was not so arrogant that she would not apologize.
(B) She was so arrogant that cannot apologize.
(C) She was so arrogant that she would not apologize.
(D) She was not too arrogant to apologize. **[C]**

**166. Which of the options is a synonym for 'Forsake'?**
(A) Favour (B) Abandon
(C) Sufficient (D) Consent **[B]**

**167. Complete the sentence with suitable Article -**
**I enjoyed reading ............ book you gave me.**
(A) a (B) an
(C) any (D) the **[A]**

**168. Fill in the blank -**
**He killed two birds .............. one shot.**
(A) with (B) in
(C) at a (D) just in **[B]**

**169. Which is a correct sentence?**
(A) I worked hard that fails.
(B) Failure resulted by working long.
(C) She and her mother is late.
(D) She as well as her brother is late. **[D]**

**170. Identify the underlined word -**
**Ram is absent because he is ill.**
(A) Pronoun (B) Noun
(C) Verb (D) Adverb **[A]**

## भाग-द
## भाषा योग्यता: हिन्दी

**171. निम्न में से शुद्ध शब्द कौनसा है?**
(A) शुद्धिकरण (B) शुद्धकरण
(C) सुद्धीकरण (D) शुद्धीकरण **[D]**

**172. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं?**
(A) पाँच (B) दो
(C) चार (D) तीन **[D]**

**173. इनमें से किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं है?**
(A) गौरव - गरिमा (B) गेय - अगेय
(C) कृष्ण - शुक्ल (D) गुरु – लघु **[A]**

**174. 'रामायण' में कौनसा प्रत्यय है?**
(A) वान (B) आयन
(C) आयण (D) यण **[*]**

**175. 'बहुत घमंड करना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है -**
(A) आसमान पर थूकना। (B) आसमान पर उड़ना।
(C) आसमान दिखाना। (D) आसमान सिर पर उठाना। **[B]**

**176. 'मद-मद्य' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है?**
(A) नशा-शराब (B) सुरा-वक्ता
(C) मत-मधु (D) महक-फूल **[A]**

**177. निम्न में से शुद्ध शब्द कौनसा है?**
(A) व्यवसाई (B) उत्तरदायी
(C) अनुयाई (D) चारुताई **[B]**

**178. 'ज्येष्ठ' का विलोम शब्द कौनसा है?**
(A) वयोवृद्ध (B) वरिष्ठ
(C) कनिष्ठ (D) गरिष्ठ **[C]**

**179. 'जो स्वयं उत्पन्न हुआ हो' उसके लिए एक शब्द है -**
(A) ईश्वर (B) योगी
(C) स्वयंभू (D) देवता **[C]**

**180. 'ग्राह्य' शब्द का विलोम है -**
(A) त्याग (B) प्रकट
(C) मुक्त (D) त्याज्य **[D]**

**181. 'कान खोलना' मुहावरे का सही अर्थ कौनसा है?**
(A) स्वागत करना (B) सावधान करना
(C) चुगली करना (D) इलाज करना **[B]**

**182. इनमें से किस विकल्प में सही संधि विच्छेद है?**
(A) मतैक्य - मत + ऐक्य (B) समुद्रोर्मि - समुद्र + उर्मी
(C) महौदार्य - महा + ओदार्य (D) महैश्वर्य - महा + एश्वर्य **[A]**

**183. इनमें से 'स्वर्ण' शब्द का पर्यायवाची है-**
(A) हेम (B) मराल
(C) पाणि (D) कुरंग **[A]**

**184. इनमें से कौनसा शब्द शुद्ध है?**
(A) द्वन्द (B) प्रदर्शिनी
(C) प्रज्वलित (D) पत्नि **[C]**

**185. इनमें से 'य' प्रत्यय से कौनसा शब्द नहीं बना है?**
(A) माधुर्य (B) दैत्य
(C) शौर्य (D) गांगेय **[D]**

**186. निम्न में से कौनसा स्वर संधि का प्रकार नहीं है?**
(A) व्याप्ति (B) यणी
(C) अयादि (D) गुण **[A]**

**187. 'इकतीस' शब्द में कौनसा समास है?**
(A) बहुव्रीहि (B) कर्मधारय
(C) तत्पुरुष (D) द्वन्द्व **[D]**

**188. 'शुल्क-शुक्ल' शब्द युग्म का सही अर्थ कौनसा है?**
(A) चंदा - फीस (B) काँटा - सुख
(C) शुक - शूल (D) फीस - उज्जवल **[D]**

**189. निम्न में स्वर सन्धि का उदाहरण नहीं है -**
(A) गिरीश (B) परोपकार
(C) मतैक्य (D) सन्तोष **[D]**

**190. 'जिसकी आशा न की गई हो' इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौनसा है?**
(A) न्यूनवक्तव्य (B) अव्यक्त
(C) प्रवक्ता (D) अप्रत्याशित **[D]**

**191. इनमें से कौनसा वाक्य शुद्ध है?**
(A) मीरां एक प्रसिद्ध कवि थीं।
(B) हिंदी और अंग्रेज़ी मेरी भाषाएँ हैं।
(C) प्यास के मारे उसका प्राण निकल गया।
(D) जया एक बुद्धिमान बालिका है। **[B]**

**192. 'कमल' का पर्यायवाची शब्द कौनसा नहीं है?**
(A) अरविंद (B) नलिन
(C) नीरद (D) जलज **[C]**

**193. निम्न में से अशुद्ध वाक्य कौनसा है?**
(A) थोड़ी देर बाद वे वापस लौट आए।
(B) तब यह काम ज़रूर हो जाएगा।
(C) यह कहना आपकी गलती है।
(D) व्यायाम करना चाहिए ताकि हम स्वस्थ रहें। **[A]**

**194. सिद्धान्तहीन अवसरवादिता का अर्थ देने वाली लोकोक्ति है -**
(A) घर का भेदी लंका ढाए
(B) न ऊधो का लेना न माधो का देना
(C) आँख का अन्धा नाम नयनसुख
(D) गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास **[D]**

**195. 'कृति - कृती' शब्द - युग्म का सही अर्थ - युग्म है -**
(A) पुण्यात्मा - श्रेष्ठ (B) चमक - यश
(C) रचना - पुण्यात्मा (D) रचना - कंजूस **[C]**

**196. 'मन्वंतर' का संधि-विच्छेद है -**
(A) मनु + अंतर (B) मन + अंतर
(C) मन्व + अंतर (D) मनः + अंतर **[A]**

**197. "मैंने खाना खाया और मेरी भूख मिट गई।" यह वाक्य इनमें से किस प्रकार का है?**
(A) संकेत वाचक (B) इच्छा वाचक
(C) आज्ञा वाचक (D) विधि वाचक **[A]**

**198. इनमें से 'शिव' का पर्यायवाची नहीं है -**
(A) चंद्रमौलि (B) भद्र
(C) त्रिपुरारि (D) मदनारि **[B]**

**199. निम्न में से अशुद्ध शब्द कौनसा है?**
(A) त्रिवार्षिक (B) ऐक्य
(C) शिवि (D) विभीषिका **[C]**

**200. 'पर्याप्त' में कौनसा उपसर्ग है?**
(A) परा (B) प्र
(C) परि (D) पर **[C]**

## भाग-द
## भाषा योग्यता : संस्कृतम्

**171. चवर्गस्य उच्चारणस्थानं वर्तते -**
(A) तालु (B) मूर्धा
(C) कण्ठः (D) दन्ताः **[C]**

**172. 'सु' उपसर्गस्य प्रयोगः कस्मिन् अर्थे प्रयुक्तः भवति?**
(A) अशोभनमिति अर्थे (B) स्वस्तिकमिति अर्थ
(C) शोभनमिति अर्थे (D) अस्वस्तिकमिति अर्थे **[C]**

**173. 'अग्निः' इति पदस्य लिङ्गम् अस्ति -**
(A) स्त्रीलिङ्गम् (B) नपुंसकलिङ्गम्
(C) पुल्लिङ्गम् (D) स्त्रीलिङ्ग नपुंसकलिङ्गं च **[C]**

**174. इकारस्य उच्चारणस्थानं भवति -**
(A) मूर्धा (B) कण्ठः
(C) तालु (D) नासिका **[C]**

**175. 'राजा निर्धनाय धनं ददाति।' एतस्मिन् वाक्ये सम्प्रदानकारकमस्ति**
(A) राजा (B) निर्धनाय
(C) धनं (D) ददाति **[B]**

**176. अयादिसन्धेः उदाहरणं नास्ति -**
(A) पवनम् (B) नयनम्
(C) स्वागतम् (D) पावकः **[A]**

**177. वचनस्य अभिप्रायोऽस्ति -**
(A) समासविशेषः
(B) लिङ्गविशेषः
(C) पुरुषविशेषः
(D) संख्याविशेषः **[D]**

**178. 'अगच्छत' इत्यत्र गम् धातोः लकार-पुरुष-वचनं निर्दिश्यताम् -**
(A) लङ् लकारः प्रथमपुरुष एकवचनम्
(B) लोट् लकारः मध्यमपुरुष बहुवचनम्
(C) लङ् लकारः मध्यमपुरुष बहुवचनम्
(D) विधिलिङ्ग मध्यमपुरुष बहुवचनम् **[A]**

**179. द्विगु समासस्योदाहरणमस्ति -**
(A) त्रिफला (B) चक्रपाणिः
(C) नरश्रेष्ठः (D) राजपुरुषः **[A]**

**180. अयादि सन्धेः उदाहरणमस्ति -**
(A) भवनम् (B) स्वागतम्
(C) इत्यादि (D) विद्यालयः **[C]**

**181. क्रियायां स्वातन्त्र्येण विवक्षितः अर्थः भवति -**
(A) कर्ता (B) कर्म
(C) करणम् (D) सम्प्रदानम् **[A]**

**182. क्रियायोगे उपसर्गसञ्ज्ञकः नास्ति -**
(A) अनु (B) अ
(C) अव (D) अप **[B]**

**183. "जटायुः <u>प्राणं</u> त्यक्तवान् इत्यस्मिन् वाक्ये रेखाङ्कित पदस्य शुद्ध रूपमस्ति -**
(A) क् (B) व्
(C) य् (D) द **[B]**

**184. 'स्पर्श' वर्णः नास्ति -**
(A) प्राणः (B) प्राणौ
(C) प्राणाः (D) प्राणान् **[A]**

**185. संस्कृते कति लिङ्गानि सन्ति?**
(A) एकम् (B) त्रीणि
(C) द्वे (D) चत्वारि **[B]**

**186. 'च' वर्णस्य उच्चारणस्थानमस्ति -**
(A) कण्ठः (B) तालुः
(C) दन्ताः (D) ओष्ठः **[B]**

**187. उपसर्गाः कति सन्ति?**
(A) चतुर्विंशतिः (B) द्वाविंशतिः
(C) षडविंशतिः (D) विंशतिः **[C]**

**188. 'ष्टुत्व' सन्धेः उदाहरणमस्ति -**
(A) कः + चित् (B) तत् + टीका
(C) सत् + चित् (D) दुः + चरित्रम् **[B]**

**189. 'गृह' शब्दस्य षष्ठीविभक्तेः भहुवचनस्य रूपं भवति -**
(A) गृहाणाम् (B) गृहानाम्
(C) ग्रहाणाम् (D) ग्रहानाम् **[A]**

**190. संस्कृतभाषायां ..................... वचनानि सन्ति।**
(A) त्रीणि (B) चत्वारि
(C) द्वे (D) पंच **[A]**

**191. 'स्था' - धातोः लट्लकारे प्रथमपुरुषे एकवचने रूपं भवति -**
(A) स्थास्यति (B) स्थास्यन्ति
(C) तिष्ठति (D) स्थिति **[C]**

**192. एकवचनरूपेषु इदं रूपं न भवति -**
(A) रमायाम् (B) गृहात्
(C) गृहस्य (D) रामयोः **[D]**

**193. 'निषेधः' इत्यत्र उपसर्गः कः?**
(A) निस् (B) निर्
(C) नि (D) न **[C]**

**194. "एक + एकम्" इत्यस्य सन्धिपदं वर्तते -**
(A) एकोकम् (B) एकाकम्
(C) एकैकम् (D) एकेऽकम् **[C]**

**195. 'भू' - धातोः लोट्लकारस्य उत्तमपुरुषैकवचनरूपमस्ति -**
(A) भवामि (B) अभवम्
(C) भवानि (D) भवेयम् **[C]**

**196. शुद्धं वाक्यं वर्तते -**
(A) इयं मम लक्ष्मी (B) सः मम स्नेहपात्रः
(C) इमं मम पुस्तकानि (D) सर्वे जनाः गच्छन्ति **[D]**

**197. 'स्वाहा' इति शब्दस्य योगे विभक्तिः भवति -**
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी **[C]**

**198. नासिक्यवर्णः अस्ति -**
(A) क (B) प्
(C) ण् (D) द **[C]**

**199. 'परितः' इति शब्दस्य योगे विभक्तिः भवति -**
(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) सप्तमी **[D]**

**200. 'ज्ञानम्' इत्यस्य शब्द लिङ्ग-विभक्ति-वचनं निर्दिश्यताम् -**
(A) ज्ञान शब्द पुल्लिंग प्रथमैकवचनम्
(B) ज्ञान शब्द पुल्लिंग द्वितीयैकवचनम्
(C) ज्ञान शब्द नपुंसकलिंग प्रथमैकवचनम्
(D) ज्ञान शब्द नपुंसकलिंग सम्बोधनैकवचनम् **[C]**